भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2335**
दिनांक 06.08..2024 को उत्तरार्थ

**ई-पंचायत**

2335. श्री गणेश सिंह:
श्रीमती कमलजीत सहरावत:
श्री मनोज तिवारी:
श्री अरविंद धर्मापुरी:
श्री विनोद लखमशी चावड़ा:
श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रही:
श्री प्रदीप पुरोहित:
श्री धवल लक्ष्मणभाई पटेल:
श्री गोपाल जी ठाकुर:
श्री कृपानाथ मल्लाह:

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश की सभी पंचायतों, विशेष रूप से ओडिशा और गुजरात में इंटरनेट/ ई-पंचायत सुविधा प्रदान करने में हुई प्रगति की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) देश, विशेष रूप से ओडिशा और गुजरात में बेहतर ई-गवर्नेंस और लोक सुविधा के लिए कितनी पंचायतों को निर्बाध इंटरनेट/ ई-पंचायत सुविधा प्रदान की गई है;

(ग) क्या सतना और मैहर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की पंचायतों में उक्त सुविधा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार सभी गांवों और बस्तियों की पंचायतों में इंटरनेट/ ई-पंचायत सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सतना और मैहर जिला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पंचायतों को इसमें शामिल किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार पंचायत कार्यालयों का डिजिटलीकरण सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठा रही है या उठाए जाने की योजना है?

**उत्तर**

पंचायती राज राज्य मंत्री
(प्रोफ. एस. पी. सिंह बघेल)

(क) से (च) डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत, मंत्रालय पंचायतों को स्थानीय स्वशासन के रूप में अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना (एमएमपी) का कार्यान्वयन कर रहा है। अतीत की उपलब्धियों के आधार पर, मंत्रालय ने 24अप्रैल 2020को ई-पंचायत एमएमपी के तहत पंचायतों के लिए कार्य-आधारित व्यापक एप्लिकेशन ई-ग्रामस्वराज शुरू किया है। इस एप्लिकेशन में ऑनलाइन भुगतान सहित सिंगल डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पंचायत के कामकाज के सभी पहलुओं जैसे आयोजना, बजटन, लेखांकन, निगरानी, परिसंपत्ति प्रबंधन आदि शामिल है। अब तक वर्ष 2024 -25के लिए 2.44लाख ग्राम पंचायतों ने अपनी ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) तैयार करके अपलोड कर ली है। इसके अलावा, वर्ष 2024-25के लिए 2.06लाख पंचायतों ने 15वें वित्त आयोग के अनुदान के लिए ऑनलाइन लेनदेन पहले ही पूरा कर लिया है | ई-ग्रामस्वराज को उत्तर प्रदेश सहित राज्यवार अपनाने संबंधी विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

इसके अलावा, जमीनी स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करने के लिए मंत्रालय ने ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना (एमएमपी) के तहत ऑडिटऑनलाइन नामक एप्लीकेशन शुरू किया है। इसमें पंचायत खातों के ऑनलाइन ऑडिट की सुविधा है और यह आंतरिक एवं बाह्य ऑडिट के बारे में विस्तृत जानकारी रिकॉर्ड करता है। ऑडिट वर्ष 2022-23 के लिए 2.52 लाख ऑडिट प्लान बनाए गए हैं और 2.48 लाख ऑडिट रिपोर्ट तैयार की गई हैं।

डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, दूरसंचार विभाग (डीओटी) द्वारा चरणबद्ध तरीके से भारत नेट परियोजना को कार्यान्वित किया जा रहा है, ताकि देश में सभी ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड से जोड़ने के लिए नेटवर्क बनाया जा सके। अब तक देश में भारत नेट परियोजना के तहत 2.17 लाख ग्राम पंचायतों को इस सेवा के लिए तैयार किया जा चुका है। दिनांक 30.06.2021 को भारतनेट का दायरा देश में ग्राम पंचायतों से बाहर सभी आबादी वाले गांवों तक बढ़ा दिया गया है। इस सेवा के लिए तैयार ग्राम पंचायतों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

इसके अलावा, पंचायती राज मंत्रालय ने 29 क्षेत्रों में सेवाओं की प्रदायगी के लिए एक आदर्श पंचायत नागरिक चार्टर/फ्रेमवर्क तैयार किया है, जिसमें पंचायतों द्वारा अपनाए जाने और अपनी आवश्यकता के अनुकूल बनाने के लिए स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के साथ कार्यों को संरेखित किया गया है। इसका उद्देश्य लोगों को समयबद्ध तरीके से सेवाएं प्रदान करना, उनकी शिकायतों का निवारण करना और उनके जीवन-स्तर को बेहतर बनाना है। दिनांक 01 जुलाई से 30 सितंबर, 2021 तक 'मेरी पंचायत, मेरा अधिकार- जन सेवाएं हमारे द्वार' अभियान चलाया गया। यह अभियान यह सुनिश्चित करने के लिए एक प्रभावी रणनीति के रूप में उभर कर आया है जिससे यह सुनिश्चित हो कि ग्राम पंचायतों के पास संबंधित ग्राम सभाओं द्वारा अनुमोदित नागरिक चार्टर हो, जिसमें पंचायत द्वारा नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं की विभिन्न श्रेणियों और इस प्रकार की सेवा के लिए समय सीमा का उल्लेख हो।

आज की तिथि के अनुसार, 31 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 2.32 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों ने ग्राम सभा आयोजित की है और 2.15 लाख ग्राम पंचायतों ने अपने नागरिक चार्टर को अंतिम रूप दे दिया है।

मैहर ब्लॉक की सभी 115 ग्राम पंचायतों सहित सतना जिले की सभी 695 ग्राम पंचायतें ई-ग्राम स्वराज पोर्टल में शामिल हो चुकी हैं। वर्ष 2024-25 में सतना जिले की सभी 695 ग्राम पंचायतों ने अपनी ग्राम पंचायत विकास योजनाएँ ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड कर दी हैं। ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर जीपीडीपी अपलोड करने वाली पंचायतों की सूची **अनुबंध -III** में दी गई है

अनुबंध-I

## वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान पंचायत स्तर पर ई-ग्राम स्वराज को अपनाना

| क्र.सं | राज्य का नाम | ग्राम पंचायतों की कुल संख्या एवं समकक्ष | ऑनबोर्ड ग्राम पंचायतें | ऑनलाइन भुगतान करने वाली ग्राम पंचायतें और समकक्ष | ब्लॉक पंचायतों की कुल संख्या | ऑनबोर्ड ब्लॉक पंचायतें | ऑनलाइन भुगतान करने वाली ब्लॉक पंचायतें | जिला पंचायतों की कुल संख्या | ऑनबोर्ड जिला पंचायतें | ऑनलाइन भुगतान करने वाली जिला पंचायतें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 13325 | 13285 | 10657 | 660 | 660 | 572 | 13 | 13 | 13 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 2108 | 2100 | 63 | 0 | 0 | 0 | 25 | 25 | 3 |
| 3 | असम | 2662 | 2197 | 1926 | 191 | 191 | 93 | 30 | 27 | 15 |
| 4 | बिहार | 8054 | 8054 | 7120 | 534 | 534 | 451 | 38 | 38 | 35 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 11596 | 11594 | 9145 | 146 | 146 | 137 | 27 | 27 | 25 |
| 6 | गोवा | 191 | 189 | 38 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 1 |
| 7 | गुजरात | 14621 | 14588 | 9653 | 248 | 248 | 246 | 33 | 33 | 33 |
| 8 | हरियाणा | 6225 | 6218 | 4419 | 143 | 143 | 102 | 22 | 22 | 22 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 3615 | 3614 | 2550 | 81 | 81 | 43 | 12 | 12 | 6 |
| 10 | झारखंड | 4345 | 4345 | 3869 | 264 | 264 | 240 | 24 | 24 | 23 |
| 11 | कर्नाटक | 5953 | 5953 | 5731 | 238 | 232 | 54 | 31 | 31 | 17 |
| 12 | केरल | 941 | 941 | 698 | 152 | 152 | 107 | 14 | 14 | 11 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 23011 | 23003 | 22566 | 313 | 313 | 272 | 52 | 52 | 49 |
| 14 | महाराष्ट्र | 27820 | 27769 | 18449 | 351 | 351 | 174 | 34 | 34 | 32 |
| 15 | मणिपुर | 3180 | 161 | 17 | 0 | 0 | 0 | 12 | 6 | 3 |
| 16 | मेघालय | 6817 | 0 | 0 | 2241 | 0 | 0 | 3 | 3 | 0 |
| 17 | मिजोरम | 842 | 834 | 754 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | नागालैंड | 1289 | 185 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | ओडिशा | 6794 | 6794 | 5769 | 314 | 314 | 267 | 30 | 30 | 20 |
| 20 | पंजाब | 13236 | 13207 | 4534 | 152 | 151 | 66 | 22 | 22 | 10 |
| 21 | राजस्थान | 11208 | 11202 | 8079 | 361 | 353 | 338 | 33 | 33 | 32 |
| 22 | सिक्किम | 199 | 198 | 145 | 0 | 0 | 0 | 6 | 6 | 5 |
| 23 | तमिलनाडु | 12525 | 12524 | 11045 | 388 | 388 | 385 | 36 | 36 | 36 |
| 24 | तेलंगाना | 12771 | 12768 | 11194 | 540 | 540 | 422 | 32 | 32 | 31 |
| 25 | त्रिपुरा | 1176 | 1176 | 859 | 75 | 75 | 64 | 9 | 9 | 6 |
| 26 | उत्तराखंड | 7795 | 7794 | 6690 | 95 | 95 | 92 | 13 | 13 | 12 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 57691 | 57691 | 44538 | 826 | 826 | 788 | 75 | 75 | 75 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 3339 | 3339 | 3327 | 345 | 345 | 344 | 22 | 21 | 21 |
| | **कुल** | **263329** | **251723** | **193835** | **8658** | **6402** | **5257** | **650** | **640** | **536** |

**अनुबंध-II**

## सेवा के लिए तैयार ग्राम पंचायतों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

| क्र.सं. | राज्य का नाम | कुल जीपी/टीएलबी | सेवा के लिए तैयार जीपी/टीएलबी | कार्यशील जीपी/टीएलबी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 70 | 81 | 46 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 13326 | 12967 | 5559 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 2108 | 1117 | 157 |
| 4 | असम | 2662 | 1634 | 501 |
| 5 | बिहार | 8054 | 8860 | 2892 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 11645 | 9759 | 1651 |
| 7 | गोवा | 191 | 0 | 0 |
| 8 | गुजरात | 14621 | 14559 | 11465 |
| 9 | हरियाणा | 6225 | 6204 | 1941 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 3615 | 415 | 276 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 4291 | 1113 | 454 |
| 12 | झारखंड | 4345 | 4646 | 2296 |
| 13 | कर्नाटक | 5952 | 6251 | 3659 |
| 14 | केरल | 941 | 1130 | 946 |
| 15 | लद्दाख | 193 | 193 | 40 |
| 16 | लक्षद्वीप | 10 | 9 | 5 |
| 17 | मध्य प्रदेश | 23011 | 18105 | 2754 |
| 18 | महाराष्ट्र | 27911 | 24597 | 3877 |
| 19 | मणिपुर | 3812 | 1479 | 21 |
| 20 | मेघालय | 6831 | 696 | 27 |
| 21 | मिजोरम | 841 | 529 | 61 |
| 22 | नागालैंड | 1304 | 233 | 13 |
| 23 | ओडिशा | 6794 | 7099 | 3337 |
| 24 | पुदुचेरी | 108 | 101 | 94 |
| 25 | पंजाब | 13238 | 12807 | 9432 |
| 26 | राजस्थान | 11208 | 8997 | 6421 |
| 27 | सिक्किम | 199 | 54 | 6 |
| 28 | तमिलनाडु | 12525 | 9882 | 3449 |
| 29 | तेलंगाना | 12771 | 10915 | 5812 |
| 30 | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 38 | 41 | 19 |
| 31 | त्रिपुरा | 1176 | 771 | 424 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 57691 | 47341 | 3921 |
| 33 | उत्तराखंड | 7795 | 2014 | 1127 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 3339 | 2958 | 2319 |
| **कुल** | | **268841** | **217557** | **75002** |

*कुछ ग्राम पंचायतों में *1* से अधिक सेवा बिंदु हो सकते हैं।

**अनुबंध -III**

**सतना जिले की ग्राम पंचायतों की सूची जिन्होंने ई-ग्रामस्वराज पोर्टल पर जीपीडीपी अपलोड किया है**

| क्र.सं. | स्थानीय निकाय कोड | ब्लॉक पंचायत और समकक्ष | जीपी की कुल संख्या | जीपीडीपी अपलोड करने वाले जीपी की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 4337 | अमरपाटन | 75 | 75 |
| 2 | 4338 | मैहर | 115 | 115 |
| 3 | 4339 | मझगांवा | 96 | 96 |
| 4 | 4340 | नागौद | 94 | 94 |
| 5 | 4341 | राम नगर | 55 | 55 |
| 6 | 4342 | रामपुर बाघेलान | 97 | 97 |
| 7 | 4343 | सोहावाल | 93 | 93 |
| 8 | 4344 | ऊंचाहार | 70 | 70 |
| **कुल** | | | **695** | **695** |

____